Regarding request for stoppage of train (No.15054 and 15053) at Barabanki Railway Station-laid

श्री तनुज पुनिया (बाराबंकी) **:** मैं बाराबंकी लोक सभा क्षेत्र के अत्यन्त महत्वपूर्ण मुद्दे पर अपने विचार रखना चाहता हूँ । ट्रेन संख्या 15054 व 15053 लखनऊ से छपरा व छपरा से लखनऊ के लिए चलती है । दोनों ही ट्रेनें बाराबंकी जंक्शन से होकर ही गुजरती है लेकिन देवा-महादेवा की धरती पर इनका ठहराव नहीं है । अकेले लखनऊ में तीन स्टेशन पर दोनों ट्रेनों का ठहराव दिया गया है जबकि बाराबंकी जंक्शन पर ठहराव की मांग लम्बे समय से की जा रही है । लेकिन ट्रेनों का ठहराव नहीं होने के कारण छपरा, बलिया, गाजीपुर, वाराणसी, जौनपुर से बाराबंकी आने और जाने वाले यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड रहा है । अतः मेरा रेल मंत्री जी से निवेदन है कि ट्रेन संख्या 15054 व 15053 का ठहराव बाराबंकी जंक्शन पर करने का कष्ट करें जिससे देवा-महादेवा के तीर्थयात्रियों और बाराबंकी की जनता को इसका लाभ मिल सकेगा ।